कार्यालय
जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
बागेश्वर।

संख्याः 2311 /AHWC/योग अनुदेशक नियुक्ति/2024–25 दिनांकः 18 अक्टूबर 2024

## विज्ञप्ति

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत जनपद बागेश्वर के आयुष हैल्थ एवं वैलनेस केन्द्र क्रमशः **कर्मी, सनगाढ, दफौट, कन्यालीकोट,पिंगलो, (सूची संलग्न)** में दैनिक योगाभ्यास कराये जाने हेतु 11 माह अथवा योजना समाप्त होने अथवा बजट की अनुपलब्धता जो भी पूर्व में घटित हो तक के लिये प्रत्येक आयुष हैल्थ एवं वैलनेस केन्द्र में 01 पुरूष योग अनुदेशक (कुल 05 योग अनुदेशकों) एवं **नामती चेटाबगड एवं चौरा** हेतु प्रत्येक आयुष हैल्थ एवं वैलनेस केन्द्र में 01 महिला योग अनुदेशक (कुल 02 योग अनुदेशकों) से निम्न सेवा शर्तो एवं प्राविधानों तथा वॉक इन इन्टरव्यू हेतु चयन/मूल्यांकन प्रक्रिया के अन्तर्गत चयन समिति के माध्यम से चयनोपरान्त कार्य लिया जाना प्रस्तावित है –

**वॉक इन इन्टरव्यू की तिथि – दिनांक 11.11.2024 दिन सोमवार समय प्रातः 11:00 बजे से**
**स्थान – जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय बागेश्वर।**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य लिये जाने का प्रकार | **दैनिक पारिश्रमिक के आधार पर** |
| 2 | आयु सीमा | **न्यूनतम 21 वर्ष** |
| 3 | शैक्षिक योग्यता | **न्यूनतम इण्टरमीडिएट** |
| 4 | व्यवसायिक योग्यता | **किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0ए0 योग/बी0एस0सी0 योग/बी0पी0एड0 (जिसमें न्यूनतम 06 माह योग को एक विषय के रूप में अध्ययन किया गया हो)/एम0ए0 योग/योग में एक वर्षीय डिप्लोमा**<br>**अथवा**<br>**इण्टरमीडिएट के पश्चात् योग सर्टिफिकेशन बोर्ड (वाई0सी0बी0) से योग वैलनेस इन्सट्रक्टर कोर्स**<br>**अथवा**<br>**भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखण्ड द्वारा प्रदत्त योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक डिप्लोमा** |
| 5 | कार्य अवधि (पुरूष) | **प्रत्येक माह 01 घण्टे के 32 योग सत्र संचालित करना** |
| 6 | कार्य अवधि (महिला) | **प्रत्येक माह 01 घण्टे के 20 योग सत्र संचालित करना** |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | पारिश्रमिक | पुरूषों हेतु रू. 250.00 प्रति योग सत्र (प्रति दिवस 01 घण्टे का योग सत्र)/अधिकतम रू. 8000/– प्रतिमाह<br>**महिलाओं हेतु रू. 250.00 प्रति योग सत्र (प्रति दिवस 01 घण्टे का योग सत्र)/अधिकतम रू. 5000/– प्रतिमाह** |

- चयन वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से जनपद स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जायेगा।
- चयनित योग अनुदेशकों की नियुक्ति पूर्ण अस्थायी होगी।
- योग अनुदेशक के कार्यों के दैनिक मूल्यांकन के आधार पर दैनिक पारिश्रमिक का निर्धारण **रू. 250.00 प्रति योग सत्र (प्रतिदिवस एक घण्टे का योग सत्र)** के आधार पर किया जायेगा, जिसका भुगतान मासिक रूप से किया जायेगा, जो कि अधिकतम **रू. 8000.00 (पुरूष अनुदेशक हेतु)** एवं अधिकतम **रू. 5000.00 (महिला अनुदेशक हेतु )** रहेगा।
- योग अनुदेशक के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी की योग्यता का मूल्यांकन अभ्यर्थी के निवास स्थान, शैक्षिक योग्यता, व्यवसायिक योग्यता, अनुभव, शारीरिक दक्षता, योग कौशल, व्यवहार कुशलता व आई.टी. के सामान्य ज्ञान के आधार पर किया जायेगा।
- चयनित योग अनुदेशक से केवल एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ही कार्य लिया जा सकेगा।
- कार्य करने हेतु सर्वप्रथम स्थानीय अभ्यर्थी (जिस ग्राम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर. स्थापित हो) को प्राथमिकता दी जायेगी।
- स्थानीय अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर निकटतम निवासित अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।
- योग अनुदेशक के रूप में कार्य करने के इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट **www.uttarakhandayurved.in एवं जनपद की NIC वेबसाइट bageshwar.nic.in** तथा निकटतम आयुष हैल्थ एवं वैलनस केन्द्र एवं जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय बिलौना बागेश्वर से प्राप्त कर सकते हैं।
- योग अनुदेशक के रूप में कार्य करने के इच्छुक अभ्यर्थी मूल अभिलेखों सहित (समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, व्यवसायिक योग्यता प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत मूल निवास से निकटतम आयुष हैल्थ एवं वैलनेस केन्द्र की दूरी प्रमाण पत्र) **दिनांक 11.11.2024** को जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय बागेश्वर में सम्पर्क करेंगे।
- अभ्यर्थी के निवास स्थान की पुष्टि आधार कार्ड, वोटर आई.डी., स्थायी अथवा मूल निवास प्रमाण पत्र (मूल अभिलेख) के आधार पर की जायेगी।
- शैक्षिक योग्यता, व्यवसायिक योग्यता की पुष्टि मूल अभिलेखों के माध्यम से की जायेगी।
- केवल मान्यता प्राप्त संस्थानों व पंजीकृत चिकित्सालयों के द्वारा जारी किये गये व योग सम्बन्धी व्यावसायिक योग्यता प्राप्त किये जाने के उपरान्त का ही अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।
- आई.टी. सम्बन्धी ज्ञान का मूल्यांकन टंकण, इन्टरनेट, एम.एस. आफिस सामान्य ज्ञान के आधार पर किया जायेगा। **(केवल पुरूष अनुदेशक के पद हेतु)**
- चयनित अभ्यर्थी को कार्य में लिये जाने से पूर्व निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

- जिन आयुष हैल्थ एवं वैलनेस केन्द्रों में योग अनुदेशक की नियुक्ति होनी है की सूची पृथक से संलग्न है।
- वॉक इन इन्टरव्यू में अभ्यर्थी को संलग्न प्रारूप पर आवेदन / विवरण उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

Nistha

**(डा0 निष्ठा शर्मा कोहली)**
जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
बागेश्वर।

# योग अनुदेशक की नियुक्ति हेतु आवेदन का प्रारूप

जनपद ........................................................................................................

आवेदन हेतु – योग अनुदेशक पुरूष/योग अनुदेशक महिला

आवेदित आयुष हैल्थ वैलनेस केन्द्र का नाम – ..............................................

.......................................................................................................................

आवेदक का नाम ..........................................................................................

पिता/पति का नाम .......................................................................................

जन्म तिथि ....................................................................................................................

आयु (वर्ष, माह, दिन)....................................................................................................

मोबाइल नम्बर ..............................................................................................................

निवास स्थान एवं मूल निवास का पूर्ण पता(प्रमाण पत्र अनुसार) ..........................................

.......................................................................................................................................

मूल निवास से आवेदित एच.डब्लू.सी की दूरी...................................................................

पत्राचार का पूर्ण पता पिन कोड सहित....................................................................................

.......................................................................................................................................

शैक्षिक योग्यता एवं व्यवसायिक योग्यता (संलग्न प्रमाण पत्र के अनुसार)

| क्र.सं. | उत्तीर्ण परीक्षा/ डिग्री/ डिप्लोमा/सर्टिफिकेट | वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

अनुभव का विवरण (संलग्न प्रमाण पत्र के अनुसार)

| क्र.सं. | संस्था का नाम | अनुभव अवधि |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | | |

आईटी सम्बन्धी ज्ञान (हाँ/नहीं) (केवल पुरूष योग अनुदेशक हेतु )

| टंकण का सामान्य ज्ञान | इन्टरनेट का सामान्य ज्ञान | एम.एस. ऑफिस सम्बन्धी सामान्य ज्ञान |
|---|---|---|
| | | |

दिनांक –

स्थान –

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

नाम अभ्यर्थी :

पता

# योग अनुदेशक महिला / पुरूष

| क0स0 | आयुष हैल्थ एवं वैलनेस केन्द्र का नाम | महिला | पुरूष | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्मी | 0 | 1 | 1 |
| 2 | नामतीचेटाबगड | 1 | 0 | 1 |
| 3 | सनगाड | 0 | 1 | 1 |
| 4 | दफौट | 0 | 1 | 1 |
| 5 | कन्यालीकोट | 0 | 1 | 1 |
| 6 | चौरा | 1 | 0 | 1 |
| 7 | पिंगलो | 0 | 1 | 1 |
| | | 2 | 5 | 7 |

Nistha

जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
बागेश्वर